# दिनांक–19.08.2025 को डॉ० प्रेम कुमार, माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार सरकार के अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आहूत वेजफेड के बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थितिः–

1. श्री प्रभात कुमार, प्रबंध निदेषक, वेजफेड।
2. श्री राकेश कुमार, उप निबंधक, सहयोग समितियाँ, वेजफेड।
3. सुश्री दिव्या झा, सहायक निबंधक, वेजफेड।
4. श्री मणिषेखर, सहायक निबंधक–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी।
5. श्री अमित शुक्ला, अध्यक्ष, तिरहुत सब्जी संघ।

तथा PMU के प्रतिनिधिगण।

1. **पी.वी.सी.एस. में अधिसंरचना निर्माण की समीक्षा :–** अबतक 97 अधिसंरचना निर्माण की स्वीकृति दी गयी है जिसमें 87 के लिए राशि विमुक्त कर दी गयी है। PVCS में अधिसंरचना निर्माण में BSWC के अभियंताओं के द्वारा ले–आऊट कराए जाने की पुष्टि करते हुए उनसे मापी पुस्तिका प्रविष्टी करवाने का अनुरोध किया गया।

मंत्री महोदय द्वारा जिला में अभियंताओं की कमी के कारण मापी पुस्तिका में प्रविष्टी हेतु BSWC के अभियंताओं को अधिकृत किये जाने पर विचार करने का निदेश दिया गया । माननीय मंत्री द्वारा नए आधारभूत संरचना निर्माण हेतु सिर्फ 50 % ही अग्रिम राशि सब्जी संघ को देने का निदेश दिया गया । सभी सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं अध्यक्ष को निदेश दिया गया कि जहां भी निर्माण कार्य चल रहा है उस स्थान पर पूरी योजना का विवरणी प्रचार हेतु बैनर लगवाने सुनिश्चित करे ।

2. **प्याज गोदाम निर्माण की समीक्षा :–** कुल 68 (अड़सठ) गोदाम के निर्माण की स्वीकृति दी गयी है जिसमें से 41 (इकतालीस) गोदाम निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध है तथा राशि विमुक्त कर दी गयी है किन्तु निर्माण कार्य आरंभ नहीं किया जा सका है।

मंत्री महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि जहाँ अभियन्ता की समस्या हो वहाँ BSWC के अभियंताओं को अधिकृत कर निर्माण कार्य आरंभ कराया जाय साथ ही सभी

सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि अबिलंब निर्माण कार्य प्रारंभ करे ।

3. **रिटेल आउटलेट निर्माण की समीक्षा :–** 200 रिटेल आउटलेट की स्वीकृति प्राप्त है जिसमें 18 स्थानों पर निर्माण के लिए राशि हस्तान्तरित कर दी गयी है किन्तु निर्माण कार्य अभी आरंभ नहीं हुआ है।

   मंत्री महोदय सभी सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं अध्यक्ष को निर्माण कार्य में आ रही समस्या की समीक्षा कर शीघ्र निदान करने का निदेश दिया गया।

4. **मानव संसाधन (HR ) एजेन्सी द्वारा नियुक्ति की समीक्षा :–** समीक्षा में पाया गया कि तीनों एजेंसियों के द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है तथा वेजफेड,संघ एवं pvcs स्तर एजेंसी द्वारा मानव संसाधन आपूर्ति करने की तैयारी की जा रही है।
5. **आलू तथा टमाटर के बीज तथा पौधे के वितरण एवं अधिप्राप्ति की समीक्षा :–** गत बैठक में किसानों के मध्य वितरित किए गए बीज तथा पौधों के विरूद्ध अधिप्राप्त किए गए फसल का प्रतिवेदन सभी संघों से मांगा गया था। संबंधित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि हरित संघ द्वारा 754 क्विंटल टमाटर तथा 7769.76 क्विंटल आलू, मिथिला संघ द्वारा 4271.42 क्विंटल आलू के अधिप्राप्ति की सूचना दी गयी है जबकि तिरहुत संघ द्वारा अबतक सूचना प्रदान नहीं की गयी है।

   मंत्री महोदय द्वारा अध्यक्ष तिरहुत संघ को शीघ्र ही प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया। साथ हीं, संबंधित पदाधिकारी को समाकालित प्रतिवेदन तैयार कर समीक्षा करने का निदेश दिया गया।

   इस मौसम में आलू के बीज के क्रय के लिए HILNHRDF, Centre of Excellence चण्डी (नालन्दा) आदि से प्रस्ताव प्राप्त है।

   अध्यक्ष, तिरहुत संघ के द्वारा बताया गया कि आलू एवं टमाटर के फसल को क्रय करने के लिए पूँजी का अभाव है इसलिए संघ को कार्यशील पूँजी उपलब्ध कराया जाय। मंत्री महोदय द्वारा कार्यशील पूँजी उपलब्ध कराने हेतु बैंक से कैश क्रेडिट की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया।

   गत मौसम में आलू का उत्पादन उपलब्ध कराए गए बीज के विरूद्ध यथेष्ट मात्रा में नहीं होने के कारणों की समीक्षा करने का निदेश दिया गया। इस संबंध में

हरित/तिरहुत/मिथिला सब्जी संघ को यथाशीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया ।

6. **Plug Type Nursery** :– तैयार करने तथा उसकी उपयोगिता एवं लाभों की समीक्षा करने का निदेश दिया गया।

7. **पंचायत स्तर पर PVCS :-** को कार्यान्वित करने के लिए Farmers Interest Group का गठन करने की संभावना तथा लाभों की समीक्षा करने का निदेश दिया गया।

8. **तरकारी महोत्सव** :– आयोजन करने के लिए माननीय मंत्री महोदय ने 02 सितम्बर की तिथि निर्धारण करने का निदेश दिया जिसमें सभी PVCS के प्रतिनिधि/सदस्य, क्रेता इत्यादि उपस्थित रहेंगे।

इसका व्यापक प्रचार–प्रसार आकाषवाणी, दूरदर्शन, रेलवे स्टेशन, बसस्टैण्ड, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से करने का निदेश दिया गया।

9. **750 MT कोल्ड स्टोरेज का निर्माण**:- 750 MT कोल्ड स्टोरेज के निर्माण हेतु यथाशीघ्र टेंडर की प्रक्रिया प्ररम्भ करने का निदेश दिया गया ।

10. भूमि उपलब्धता के संबंध :- इस संबंध में निदेश दिया गया की अंचलाधिकारी को सरकारी जमीन की समस्या आ रही कठिनाई हेतु राजस्व विभाग को विभाग के स्तर से पत्र देने का निदेश दिया गया ।

**अन्य:–**

सभी योजनओं का माननीय मंत्री द्वारा लोकार्पण करने हेतु आवश्यक तैयारी करने का निदेश दिया गया साथ ही जिस प्रकार तरकारी आउट– लेट का मॉडल बना है उसी प्रकार 750 MT कोल्ड स्टोरेज का भी मॉडल बनवाने का निदेश दिया गया ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई।

(प्रभात कुमार) 28/08/25
प्रबंध निदेशक
वेजफेड,पटना ।

ज्ञापांक 716 / दिनांक 28.08.2025

प्रतिलिपिः— 1-निबंधक,सहयोग समितियाँ, बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित ।
2-सचिव, सहकारिता विभाग बिहार,पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।
3-अध्यक्ष / मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ,पटना / तिरहुत सब्जी संघ,मोतिहारी / मिथिला सब्जी सब्जी संघ,दरभंगा / मगध सब्जी संघ, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित
4- अभियंता, बिहार राज्य भंडार निगम, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
5- प्रतिनिधि, पी० एम० यू०द्यको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित द्य
6-सभी उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ज्ञापांक 716 / दिनांक 28.08.2025

प्रतिलिपिः— 1- माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग,बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,पटना ।